# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कृषि विज्ञान केन्द्र में महिलाओं को किया गया सम्मानित

▸ **सफल उद्यमी महिलाओं ने साझा किये अपने अनुभव**

**नवभारत न्यूज**

**मझगवां 8 मार्च । दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां-सतना में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण आजीविका मिशन की मझगवां विकास खंड की 85 महिलाएं उपस्थित रहीं।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर डॉ सतीस कुमार एस ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप जनपद अध्यक्षा श्रीमती रेणुका जायसवाल एवं पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतना शैलेन्द्र सिंह, एस डी एम मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी मझगवां राहुल पांडेय, निरंजन जायसवाल एवं कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, नाना जी एवं दीनदयाल जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन करके किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम प्रभारी वैज्ञानिक डॉ हेमराज द्विवेदी ने बताया कि संस्थान द्वारा उद्यमिता और कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से महिलाओ को स्वावलंबी बनाने की दिशा मे बहुत सारे प्रशिक्षण दिए जाते है जिसमें फल सब्जी प्रसंस्करण, मसाला प्रसंस्करण, दाल, आटा, अगरबत्ती, निरमा, बांस आदि से चलने वाले प्रशिक्षणों के बारे मे बताया गया, साथ ही कृषि एवं उद्यमिता के क्षेत्र मे काम कर रही सफल महिलाओं की सफलता की कहानी के बारे मे बताया। केवीके प्रभारी डॉ नवीन शर्मा ने मशरूम उत्तपादन एवं उसके बीज के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। साथ ही एन आर एल एम की महिलाओ के क्षमता संवर्धन विषय को लेकर प्रशिक्षण कराने के बारे मे जानकारी दी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले मे तैयार उत्पादों के आउट लेट हेतु



आवश्यक जगह उपबद्ध कराई जाएगी एवं महिलाओ को आत्म निर्भर बनाने की दिशा मे कृषि विज्ञान केंद्र एवं संस्थान के साथ मिलकर काम किया जाएगा, जिससे स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता की दिशा मे काम किया जाएगा।

जनपद अध्यक्ष रेणुका जायसवाल ने बताया कि आज महिलायें सभी क्षेत्रों में आगे है चाहे कृषि आजीविका, शिक्षा, सेना, रिसर्च आदि में आगे है। महिलायें किसी भी कार्य मे पीछे नहीं है और समूह की महिलाओं को कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र से प्रशिक्षण लेकर ग्रामीण स्तर पर उपलब्ध संसाधनों के आधार पर स्वरोजगार स्थापित कर सकती है। कार्यक्रम के बीच मे मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में सीमा सतनामी ने अपना अनुभव बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र से प्रशिक्षण लेकर मशरूम उत्पादन का कार्य कर रही है और लाभ भी अर्जित कर रही है। ऐसे ही हर्बल गुलाल बनाने के क्षेत्र मे वंदना शिवहरे ने बताया कि संस्थान से प्रशिक्षण लेकर चुकंदर, हरे पत्तेदार सब्जियों, हल्दी एवं पलास के फूल से निर्मित गुलाल बनाकर आय अर्जित कर रही है। बांस कला के क्षेत्र मे कैलाश बसोर की बहु चंद्रिका पंसेरिया ने भी अपने अनुभव बताए। निर्मला साकेत और सुनीता ने भी एन आर एल के माध्यम से समूह मे किए गए कार्यों का अनुभव साझा किया। महिला दिवस पर इन सभी महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत मे अध्यक्षीय भाषण के रूप में सतना कलेक्टर सतीश कुमार एस ने सबसे पहले महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाए प्रेषित की और कहा कि आप लोगों के पास अच्छा अवसर है कि आप स्वावलंबन एवं उद्यमिता विकास के क्षेत्र मे अपने आप को आगे लाए। जिला प्रसासन एवं आजीविका मिशन और संस्थान मिलकर आप लोगों को तकनीकी एवं क्षमता विकास के लिए प्रशिक्षण देने का कार्य करेगा। आप लोगों द्वारा बनाए गए उत्पादों के लिए प्रशासन की तरफ से उचित आउट लेट उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा। लघु वनोपज के क्षेत्र मे अपार संभावनए है इस पर भी कार्य किया जा सकता है। उन्होंने इस अवसर पर जिले के 14-15 वर्षीय बालिकाओं के सभी अभिभावकों से अपनी बेटियो को गंभीर बीमारी से हमेशा के लिए बचाव हेतु एचपीवी का टीका लगवाने की अपील की है। इस अवसर पर साधना तिवारी मधावग?, पूनम तिवारी सहित रामदत्त पांडे, कौशलेन्द्र, अशोक परौहा, उषा जी सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद गृह विज्ञान इकाई में महिलाओ ने पेठा बनाने का तरीका भी सीखा।



# उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार का चित्रकूट में आत्मीय स्वागत

▸ **ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने किया अभिनंदन**

चित्रकूट/सतना, 08 मार्च 2026। चित्रकूट में आयोजित राष्टीय सेवा योजना (एनएसएस) के राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर एवं सम्मेलन के शुभारंभ हेतु पधारे मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी एवं आयुष विभाग के मंत्री इंदर सिंह परमार के आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया। आरोग्य धाम गेस्ट हाउस में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की ओर से कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. चौबे तथा कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पांडेय ने मंत्री श्री परमार को फ्लॉवर स्टिक भेंट कर उनका सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया। शिष्टाचार भेंट के दौरान हुई संक्षिप्त चर्चा में उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने भारतीय ज्ञान परंपरा के वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की सभ्यता और संस्कृति का मूल आधार ज्ञान, कौशल और जीवन मूल्यों की समृद्ध परंपरा है। उन्होंने भारतीय समाज में निहित गुण, कौशल और सेवा भावना को राष्ट्रनिर्माण की महत्वपूर्ण शक्ति बताया। इस अवसर पर राज्य एनएसएस अधिकारी मनोज अग्निहोत्री, अतिरिक्त संचालक (उच्च शिक्षा) डॉ आर पी सिंह, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. भरत व्यास, कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल, समाजसेवी विनीता जायसवाल, आरोग्य धाम के महाप्रबंधक डॉ. अनिल जायसवाल, दीनदयाल शोध संस्थान के सचिव अपराजित शुक्ला, सहायक कुलसचिव नीलकमल कुमावत, कुलगुरु के निजी सहायक संजय कुमार त्रिपाठी, डॉ अश्विनी अवस्थी, निखिल मिश्रा सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# शहिन्शाहे औलिया का दूसरा कुल आज

## पुलिस विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त चौतरफा निगरानी

**मोहम्मद इसहाक मदनी**
**नवभारत न्यूज**

**मुकुन्दपुर 8 मार्च। मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर में 798 वां उर्स शहिन्शाहे मध्य प्रदेश हजरत शाह ताजुल औलिया मुहिब्बे अली रहमतुल्लाह अलैह पाक का उर्स मनाया जा रहा है जिसमें इस वर्ष बृहद रूप से साज सज्जा किया गया है।**

मोहम्मद मोहसिन भाई अध्यक्ष तकिया दरगाह इंतजामिया कमेटी मुकुन्दपुर के द्वारा बताया जा रहा है कि इस वर्ष एक लाख रूपए के फूल मालाओं से दरगाह शरीफ को सजाया गया है। साथ हीं रोजा





इफ्तार और सेहरी करने वालों के लिए विशेष प्रबंध रहा।वहीं हर जियारत मंदों अकीदतमंदों के लिए पेटभर खाना खिलाने का पुख्ता इंतजाम किया गया है। वहीं लगभग 500 के करीब रंग बिरंगी दुकानें सज गई हैं। पुलिस विभाग की विशेष निगरानी रहेगी वहीं स्वास्थ्य अमला भी तैनात रहेगा साथ ही राजस्व विभाग के एसडीएम आरती सिंह, तहसीलदार आर.डी.साकेत नायब तहसीलदार अनिल कुमार सिंह पटेल अधिकारियों कर्मचारियों की निगरानी बनी है साथ ही चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल सुरक्षा में तैनात हैं वहीं कुछ पुलिस बल सादे ड्रेस में है तो कुछ वर्दी में हैं ड्रोन कैमरे एवं सीसीटीवी चप्पे-चप्पे पर लगाये गये है वहीं पुलिस अधीक्षक मैहर , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मैहर, एसडीओपी अमरपाटन ख्याति मिश्रा और थाना प्रभारी महेंद्र कुमार मिश्रा पुलिस चौकी प्रभारी नागेश्वर मिश्रा के सतत निगरानी में ससस्त्र बल और पुलिस बल लगे हुए हैं सीआइडी भी जगह-जगह लगी हुई जो पल-पल की खबर वरिष्ठ अधिकारियों को दी जा रही है। गुस्लखानी चादर पोशी सुबह 10 बजे दिन में कराया गया। जिसमें आलिमे,मुफ्तिये हिन्द और हाफिजों कारियों के द्वारा कराया गया।बाद खाने व तबर्रुक का भी इंतजाम है। वहीं बताया जा रहा है कि पुलिस विभाग, राजस्व विभाग और जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों के बैठने और खाने का पुख्ता इंतजाम है। वहीं आवागवन रूट के चारों ओर पार्किंग व्यवस्था कराई गई है और सभी पार्किंग स्थलों में जिला पुलिस और सशस्त्र बल लगाया गया है।

# आज मनकहरी में मनाई जाएगी अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की जन्म जयंती

▸ **कोठी थाना प्रभारी संतोष तिवारी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण**

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 8 मार्च। अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की जन्म जयंती 9 मार्च सोमवार को मनकहरी में मनाई जाएगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरीय विकास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी होंगी।**

आयोजन की तैयारी का जायजा लेने आज कोठी थाना प्रभारी संतोष तिवारी अपने दलबल के साथ पहुंच



कर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर आयोजन से संबंधित सभी तैयारियों के विषय में जानकारी प्राप्त की। ज्ञात हो कि सोमवार 9 मार्च को भारत की आजादी के लड़ाई के 1857 की क्रांति के महानायक रहे विंध्य धरा के अमर सपूत ठाकुर रणमत सिंह की जन्म जयंती बाबा अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह सेवा संगठन द्वारा उनके गृह ग्राम मनकहरी में भव्य तरीके से मनाई जा रही है मध्य प्रदेश शासन की नगरीय निकाय विभाग की राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के मुख्य आतिथ्य, वरिष्ठ समाज सेवी एवं उद्योगपति गुलाब शुक्ला की अध्यक्षता एवं मधुरिमा सेवा संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती स्वप्ना वर्मा सहित अन्य सम्मानित अतिथियों एवं आम जनमानस की मौजूद रहेगा। इस आयोजन का उद्देश्य बाबा अमर शहीद रणमत सिंह की जन्म स्थली को संरक्षित करना है जिसमें क्रमबद्ध कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजन समिति एवं अमर शहीद ठाकुर अमर सिंह सेवा संगठन ने समस्त क्षेत्र वासियों से इस पुण्य पावन एवं बाबा के शौर्य ,बलिदानों की गाथा से परिपूर्ण आयोजन में सम्मिलित होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

# रंग पंचमी पर राजाधिराज मंदिर में खेली गई फूलों की होली

▸ **आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान मझगवां का आयोजन**

**नवभारत न्यूज**

**मझगवां 8 मार्च। रंग पंचमी के पावन अवसर पर आशुतोष द्विवेदी सेवा संस्थान द्वारा मझगवां नगर के प्राचीन राजाधिराज मंदिर में रंगपंचमी का भव्य आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम मंदिर के पुजारी द्वारा भगवान राधा कृष्ण**



**का का पूजन कर महाआरती कर प्रभु को भोग पवाया गया।**

तत्पश्चात जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह कछवाह व संस्थान प्रमुख आशुतोष द्विवेदी सहित नगर के श्रद्धालुओं द्वारा भगवान व भक्तों के ऊपर गुलाब की पंखुड़ियों व फूलों की बौछार कर फूलों की होली खेली गई।


इस अवसर पर विजय पांडेय बिज्जू, डॉ रामावतार साहू, आशीष पांडेय सूर्या कंप्यूटर, अमन गर्ग राघव मेडिकल,ओम अग्रवाल,आयुष सेन,सचिन गर्ग,नत्थू जैसवाल,कमलेश जैसवाल,सीमा जैसवाल,सरोज जैसवाल,सोहन पांडेय,चिंतन नामदेव सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक व श्रद्धालु मौजूद रहे ।

# रनेही के बरम बाबा में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा 11 से

**नवभारत न्यूज**

**कोठी 8 मार्च। गौ लोकवासी स्वामी श्री गौरी शंकर दास महाराज की स्मृति में रनेही के बरम बाबा स्थल में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा 11 मार्च बुधवार को विशाल कलश यात्रा, पंचांग पूजन के साथ प्रारंभ होगी और 17 मार्च को कथा का विश्राम होगा।**

कथा प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से प्रारंभ होकर सायं कालीन हरि इच्छा



तक चलती रहेगी और 18 मार्च को कथा स्थल बरम बाबा प्रांगण पर विशाल भंडारे किया जाएगा ।आयोजन समिति ने समस्त क्षेत्र वासियों एवं भगवत प्रेमी जनों से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का रसपान कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की विनम्र अपील की है ।

# पत्रकार अनिल त्रिपाठी को पत्नी शोक

**नवभारत न्यूज**

**कोटर 8 मार्च। नगर परिषद कोटर के वार्ड क्रमांक 9 की निवासी सुनीता त्रिपाठी का रविवार सुबह 4 बजे निधन हो गया। वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं।**

उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सुनीता त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार अनिल त्रिपाठी की धर्मपत्नी थीं और अपने मिलनसार स्वभाव के कारण क्षेत्र में जानी जाती थीं। परिजनों के अनुसार, वह काफी समय से बीमारी से जूझ रही थीं और उनका उपचार भी चल रहा था, लेकिन रविवार तड़के उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही नगर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों में शोक व्याप्त हो गया कोटर नगर परिषद के अध्यक्ष राजमणि सिंह, उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी और सभापति राजेंद्र गौतम ने गहरा शोक व्यक्त किए।

# महर्षि वाल्मिकी आश्रम में गंदगी फैलाने वालों पर लगायें जुर्माना : डीएम

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 8 मार्च.** बीते शुक्रवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में महर्षि वाल्मीकि आश्रम लालापुर, तहसील मानिकपुर के पर्यटन विकास, मेला प्रबन्धन एवं आश्रम तथा उसके आस-पास साफ-सफाई आदि की समुचित व्यवस्था के लिए मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी, मानिकपुर संयुक्त निदेशक पर्यटन एवं खण्ड विकास अधिकारी मानिकपुर के साथ समीक्षा बैठक की गयी। बैठक के



दौरान जिलाधिकारी द्वारा चित्रकूट-प्रयागराज राष्ट्रीय मार्ग की भूमि का चिन्हांकन कर मार्ग के दोनो ओर पीला पेन्ट से उसे इंगित किये जाने के निर्देश दिये गये। आश्रम के बाहर मार्ग के किनारे पूजा सामग्री आदि की दुकाने लगायी जा रही हैं, उन्हे व्यवस्थित करने हेतु वेडिंग जोन बनाये जाने के निर्देश उप जिलाधिकारी, मानिकपुर एवं खण्ड विकास अधिकारी को दिये। वाल्मीकि आश्रम लालापुर में भण्डारा आदि का आयोजन करने वाले आयोजकों द्वारा भण्डारा करने के बाद वहाँ पर डिस्पोजल साम्रगी फैला दी जाती है, जिससे गन्दगी होती है। इस संबंध में निर्देश दिये गये कि जगह-जगह कुड़ेदान रखवाये जाएं, तथा कूड़ेदान में कूड़ा डालने हेतु प्रेरित किया जाये।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शक्ति संवाद एवं सम्मान समारोह आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**मैहर 8 मार्च । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन महिला बाल विकास जिला मैहर एवं पिपरा सेवादल बिरादरी संस्थान ग्राम पिपरा कला द्वारा संचालित परिवार परामर्श केंद्र, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय सरना पैलेस मैहर तीन सत्रों में आयोजित किया गया।**

प्रथम सत्र का आयोजन अपर जिला सत्र न्यायाधीश आदेश कुमार जैन के मुख्य अतिथि पर्वतारोही सुश्री अंजना सिंह की अध्यक्षता, जिला पंचायत सदस्य तारा विजय पटेल ,जयंती तिवारी, देवदत्त सोनी ,जनपद सदस्य दीपा कुलदीप तिवारी, प्रदीप तिवारी ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद के विशिष्ट अतिथि में किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा माता जी की पूजा अर्चना कर किया गया तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया स्वागत उद्बोधन जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र बागडे द्वारा दिया गया जिसमें महिला कल्याण व सशक्तिकरण संबंधी शासकीय योजनाओं कानून पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर अतिथियों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ



अवसर पर अपने-अपने विचार रखें कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा कई मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई आयोजक मंडल द्वारा मंचासीन अतिथियों का शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। द्वितीय सत्र का आयोजन मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के मुख्य अतिथि ,जिला कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड़ ,वरिष्ठ समाज सेविका नंदिता पाठक अति विशिष्ट अतिथि, भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने के विशिष्ट अतिथि में किया गया द्वितीय सत्र का शुभारंभ अतिथियों द्वारा कन्या पूजन कर किया गया इस अवसर पर अपने उद्बोधन में विधायक श्री कांत चतुर्वेदी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है अति विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता नंदिता पाठक ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के आर्थिक राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियां एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है आज देश में नारियां निरंतर प्रगति के मार्ग पर बढ़ती जा रही हैं भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने ने कहां की अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियां का जस्न मानने वाला एक वैश्विक दिवस है समापन सत्र नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यभान सिंह युवा समाजसेवी कुलदीप तिवारी वरिष्ठ एडवोकेट अरुण गौतम अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अनिल शुक्ला समाजसेवी शिवेंद्र मिश्रा की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर खेल, शिक्षा, संगीत, पत्रकारिता, सामाजिक कार्यों व अन्य क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 489 मात्र शक्तियों का स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आभार वरिष्ठ समाजसेवी अरुण तनय मिश्रा द्वारा व्यक्त किया गया।

## एक नजर में



### होली मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

**सतना/हिरौंदी।** आज खरे वैश्य समाज कल्याण समिति सतना का होली मिलन एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री जय प्रताप गुप्ता का सम्मान समारोह भरहुत नगर सतना स्थित राम सुंदर गुप्ता के निवास स्थान पर संपन्न हुआ । कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया जाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।तत्पश्चात अध्यक्ष राम नरेश गुप्ता द्वारा सभी उपस्थित सामाजिक बंधुओं का स्वागत भाषण करते हुए होली की शुभकामनाएं और बधाई दी और महिला समिति द्वारा धूमधाम ने गाजे बाजे के साथ होली गीत का गायन किया व रंग अबीर के साथ फूल से होली खोली गई ।तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री जय प्रताप गुप्ता का शाल व श्रीफल देकर सभी के द्वारा सम्मान किया गया तथा समाज के आगामी कार्य योजना की जानकारी सुरेश कुमार गुप्ता एडवोकेट द्वारा दी गई एवं अखिल भारतीय खरे वैश्य समाज द्वारा 5 अप्रैल 2026 को गुढ़ जिला रीवा में श्री भगवत पैलेस में आयोजित युवा एवं युवक, युवती का परिचय सम्मेलन होने की सूचना देकर सभी को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई। कार्यक्रम को बीजेपी के जिला महामंत्री जय प्रताप गुप्ता द्वारा सामाजिक बंधुओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश कुमार गुप्ता एड0 द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50=60 की संख्या में लोग शामिल हुए।




### महिलाओं को उनके हकों के बारे में दी गई जानकारी

**सतना/उचेहरा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत पिपरी कला के शासकीय प्राथमिक शाला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महिलाओं के अधिकारों को बताया गया कि किस प्रकार वह खुद सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य को बेहतर बना सकती हैं एवं घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम पीड़ति महिलाओं को मिलने वाली कानूनी सुरक्षा, कन्या भ्रूण हत्या रोकने और लिंग चयन निषेध पर जोर और नि :शुल्क विधिक सहायता-समाज के कमजोर वर्गों और महिलाओं के लिए प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध मुफ्त वकील और कानूनी सलाह की सुविधा के बारे में जानकारी ले सकती है इस दरमियान पंचायत के प्रतिनिधि एवं ग्राम वासी मौजूद रहे ।



### कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मना वार्षिकोत्सव

**रामनगर ।** मैहर जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सोनाडी में रविवार 8 मार्च 2026 को वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि कालिका प्रसाद पटेल ए क्लास संविदाकार रहे। बच्चियों रंगा रंग संस्कृतिक भजन नृत्य आदि मंचिय कार्यकम प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल लिया मुख्य अतिथि कालिका प्रसाद पटेल ने पुरुस्कार वितरण कर बच्चियों द्वारा प्रस्तुत कार्यकम की सराहना की। कार्यकम में सुशीला सिंह अध्यक्ष चन्दभान सिंह जनपद सदस्य रामप्रताप सिंह उपसरपंच अनिल पटेल वार्डन रश्मी तोमर रीना निगम दीपा त्रिपाठी प्रभा पटेल खुसवू नामदेव सुनीता पटेल बाबा विश्वनाथ पटेल सहित ग्रामवासियों बच्चियों के माता पिता सहित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सोनाडी परिवार उपास्थित रहा कार्यकम के अंत में वार्डन रश्मी तोमर ने अतिथियों का धन्यवाद प्रस्तुत किया।